तू है ला जवाब दाता

सतगुरू प्यारे का कोई ना जवाब,
तू है ला जवाब दाता, तू है ला जवाब....

बड़ा ही दयालु दयावान दाता,
करुनानिधान है महान दाता,
झूठे ना किसी को दिखाता ख्वाब,
तू है ला जवाब दाता......

नाप के ना देता ना ही देता तोल के,
जब भी देता है देता दिल खोल के,
दाता तू रखता है सबका हिसाब,
तू है ला जवाब दाता......

दास ये तेरा तेरी शरण में आवे,
दुनिया के सारे दुख भूल जावे,
भगतो को भगती का देते ख़िताब,
तू है ला जवाब दाता......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28892/title/tu-hai-lajawab-data

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |